(b) if so, the reason for this extraordinary step?

THE MINISTER OF STATE (DEFENCE PRODUCTION) IN THE MINISTRY OF DEFENCE (SHRI VIDYA CHARAN SHUKLA): (a) and (b). Yes, Sir. Production in the Ordnance Factories in West Bengal has shown an upward trend in the period April to October, 1971, compared to the corresponding period last year. The reasons for the upward trend are mainly attributable to clearing of major bottlenecks in materials like alloy steels, and high speed steels, tooling, etc.

However, better production could have been acheived but for certain acts of continuous indiscipline and go slow tactics resorted to by some workers.

पश्चिमी सीमा से सम्बन्धित महत्वपूर्ण दस्तावेजों का गायब हो जाना

883. डा० संकटा प्रसाद : क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को पता है कि हमारी पश्चिमी सीमा से संबंधित महत्वपूर्ण दस्तावेज गायब हैं ; और

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार उनका पता लगाने में सफल हुई है ?

रक्षा मंत्री (श्री जगजीवन राम) : (क) जी हां।

(ख) खोये हुए दस्तावेजों में से कुछ बरामद कर लिए गए हैं।

बाढ़ पीड़ितों के लिए उत्तर प्रदेश को वित्तीय सहायता

884. डा० संकटा प्रसाद : क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या केन्द्रीय सरकार उत्तर प्रदेश के बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों के लिए सहायता दे रही है ;

(ख) यदि हां, तो गत तीन वर्षों में कितनी सहायता दी गयी ;

(ग) क्या उत्तर प्रदेश राज्य सरकार ने केन्द्रीय सरकार से बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों का निरीक्षण करने के लिए दूसरा निरीक्षण दल भेजने का अनुरोध किया है ;

(घ) क्या ऐसा दल भेजा गया है और यदि हां, तो दल की रिपोर्ट क्या है ; और

(ङ) उस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के० आर० गणेश) : (क) और (ख). उत्तर प्रदेश सरकार को उनके द्वारा बाढ़ सहायता कार्यों पर किये गये व्यय के लिए 1969-70 से दी गयी केन्द्रीय सहायता का ब्यौरा इस प्रकार है :

	(करोड़ रुपयों में)
1969-70	1.90 (सूखा राहत कार्यों सहित)
1970-71	4.50
1971-72 (अब तक)	3.00

इसके अतिरिक्त, चालू वर्ष में राज्य सरकार को कृषि में काम आने वाली आवश्यक वस्तुओं, जैसे बीज और उर्वरकों के लिए 15 करोड़ रुपये के अल्पावधिक ऋण दिये गये हैं। राज्य सरकार को और अधिक राशि केन्द्रीय दल की सिफारिश के अनुसार निर्धारित अधिकतम सीमा के

आधार पर राज्य सरकार द्वारा किये गये व्यय की प्रगति को देख कर दी जाएगी।

(ग) और (घ). केन्द्रीय सहायता के प्रयोजनार्थ बाढ़ राहत संबंधी विभिन्न कार्यों के लिए धन की आवश्यकता का निर्धारण करने के लिए राज्य सरकार के अनुरोध पर इस वर्ष तीन केन्द्रीय दलों ने उत्तर प्रदेश का दौरा किया है।

(ङ) केन्द्रीय दलो की सिफारिशो के आधार पर अब तक भारत सरकार केन्द्रीय सहायता के प्रयोजनार्थ राहत, पुनर्वास और मरम्मत संबधी विभिन्न कार्यों के लिए 33.90 करोड़ रुपये की अधिकतम व्यय-सीमा स्वीकार कर चुकी है। किन्तु इस व्यय-सीमा मे परिवर्तन किया जा सकता है।

हिन्दी दैनिक 'आवन्तिका' के भागीदारों तथा मालिकों को राष्ट्रीयकृत बैंकों से ऋण दिया जाना

885. **श्री धनशाह प्रधान :**
श्री आर० वी० बड़े :

क्या वित्त मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मेहता ऐण्ड मोहन प्रिंटिंग प्रेस द्वारा प्रकाशित हिन्दी दैनिक 'आवन्तिका' के भागीदारों तथा मालिकों ने विभिन्न राष्ट्रीयकृत बैंकों से ऋणों के रूप में बहुत बड़ी राशि प्राप्त की है;

(ख) यदि हां, तो उन भागीदारों के नाम क्या हैं जिनके नाम पर ऋण प्राप्त किये गये हैं और उनमें से प्रत्येक ने ऋण की कितनी राशि प्राप्त की है;

(ग) उपर्युक्त ऋण कब प्राप्त किये गये थे, ऋण प्राप्त करने और उसके भुगतान की शर्तें क्या हैं, और

(घ) इस समय वसूल की जाने वाली ऋण की बकाया राशि कितनी है?

वित्त मन्त्री (श्री यशवन्तराव चव्हाण): (क) से (घ). सूचना अलग-अलग बैंकों के असामियो के खातो के संबंध में मांगी गई है और बैंको मे प्रचलित प्रथाओं और परिपाटियो के अनुसार तथा बैंकिंग कम्पनी (उपक्रमो का अभिग्रहण और अन्तरण) अधिनियम, 1970 की धारा 13 (1) के अनुरूप भी इस प्रकार की सूचना नही दी जाती।

मैसर्स मेहता प्रिंटिंग प्रेस उज्जैन और दैनिक आवन्तिका द्वारा आय-कर का भुगतान

886. **श्री धनशाह प्रधान :** क्या वित्त मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मेहता प्रिंटिंग प्रेस और दैनिक आवन्तिका द्वारा उसकी बिक्री को ध्यान में रखते हुए आय-कर की कितनी राशि का भुगतान किया गया है; और

(ख) मेहता प्रिंटिंग प्रेस उज्जैन और 'दैनिक अवन्तिका' में अलग-अलग, इस समय कितनी पूंजी लगी है और उनके भागीदारों और प्रबन्धकों के नाम क्या हैं?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के० आर० गणेश) : (क) और (ख). मेहता प्रिंटिंग प्रेस और 'दैनिक आवन्तिका' पर आय कर नहीं लगाया जाता। इन परिस्थितियों में, प्रश्न के भाग (ख) के सम्बन्ध में सूचना उपलब्ध नहीं है।